
## हमारी फौज और गुलामी के प्रतीक



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारतीय फौज से गुलामी के प्रतीकों को हटाने के अभियान का तहे-दिल से स्वागत किया जाना चाहिए। दो सौ साल का अंग्रेजी राज तो 1947 में खत्म हो गया लेकिन उसका सांस्कृतिक, भाषिक और शैक्षणिक राज आज भी भारत में काफी हद तक बरकरार है। जो पार्टी याने कांग्रेस दावा करती रही भारत को आजादी दिलाने का, उसने अंग्रेज की दी हुई राजनीतिक आजादी को तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे जो खुद करना था याने देश के हर क्षेत्र से गुलामी को दूर करना, उसमें उसका योगदान बहुत ही शिथिल रहा। यह काम अब भाजपा सरकार भी कुछ हद तक जरूर कर रही है। उसके नेताओं को यदि उस गुलामी की पूरी समझ हो तो वे इस अमृत महोत्सव वर्ष में ही संपूर्ण पराधीनता मुक्त अभियान की शुरुआत कर सकते हैं। फिलहाल हमारी फौज में पराधीनता के एक प्रतीक को हटाया गया उस समय, जब विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को समुद्र में छोड़ा गया। उस जहाज पर लगे हुए सेंट जार्ज के प्रतीक को हटाकर उसकी जगह शिवाजी का प्रतीक लगाया गया। यह मामला सिर्फ प्रतीकों तक ही सीमित नहीं है। जातियों के नाम पर सेना की टुकड़ियों के भी नाम तुरंत बदले जाने चाहिए। 1857 के स्वातंर्त्य संग्राम से घबराए अंग्रेज शासकों ने भारतीय लोगों को जातियों में बांटने की तरकीबें शुरु की थीं, उनमें से यह भी एक बड़ी तरकीब थी। उन्होंने शहरों और गांवों के नाम भी अंग्रेज अफसरों के नाम पर रख दिए थे। जगह-जगह उनके पुतले खड़े कर दिए थे। मुझे याद है कि अब से लगभग 50 साल पहले अहमदाबाद में लगा किसी अंग्रेज का पुतला मैंने तोड़ा था, वह भी राजनारायणजी (इंदिरा गांधी को हरानेवाले) के कंधे पर चढ़कर! कांग्रेस सरकारों ने सड़कों के कुछ नाम तो बदले लेकिन हमारी फौज में अभी भी अंग्रेजों का ढर्रा चल रहा है। कांग्रेस सरकार के रक्षा मंत्रालय की हिंदी समिति के सदस्य के नाते मैंने अंग्रेजी में छपी फौज की सैकड़ों नियमावलियों को हिंदी में बदलवाया ताकि साधारण फौजी भी उन्हें समझ सकें। इस समय फौज में डेढ़ सौ ऐसे नियम, नाम, इनाम, परपराएं, रीति-रिवाज और तौर-तरीके हैं, जिनका भारतीयकरण होना जरुरी है। 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह में 'एबाइड विथ मी' गाने की जगह लता मंगेशकर के 'ऐ, मेरे वतन के लोगों' को शुरु करना तो अच्छा है लेकिन जहां तक फौज के भारतीयकरण का प्रश्न है, उसे अंग्रेजों के रीति-रिवाज से मुक्त करवाना जितना जरुरी है, उतना ही जरुरी है, अपनी फौज को आत्म-निर्भर बनाना! आज भी भारत को अपने अत्यंत महत्वपूर्ण शस्त्रास्त्रों को विदेशों से आयात करना पड़ता है। उन पर अरबों रु. खर्च करने होते हैं। यदि आजादी के शताब्दि वर्ष तक हम पूर्णरूपेण आत्म-निर्भर हो जाएं और अमेरिका तथा यूरोपीय राष्ट्रों की तरह शस्त्रास्त्रों के निर्यातक बन जाएं तो भारत को महाशक्ति होने से कौन रोक सकता है?

## ताइक्वांडो राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप में छाए बाल विकास स्कूल के विद्यार्थी

■ विद्यार्थियों ने जीते 3 स्वर्ण व 1 रजत पदक।

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे

**बहादुरगढ़।** रोहतक के दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुए सीबीएसई नार्थ जोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में बाल विकास स्कूल के विद्यार्थी छाए रहे। बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य डा. पूनम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 से 9 दिसम्बर तक रोहतक के दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई नॉर्थ जोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ था, जिसमें हार्दिक अहलावत ने अंडर 14 आयु वर्ग में 61 किलोभार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता।



पदक जीतने वाले खिलाड़ी प्रधानाचार्य के साथ।

विशु ने अंडर-17 आयु वर्ग की 55 किलोग्राम भारवर्ग की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेते हुए स्वर्ण पदक जीता वहीं साहिल ने अंडर-19 में 58 किलोग्राम भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता।

डा. पूनम चौधरी ने बताया कि इसके अलावा सोनीपत के ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई सीबीएसई नॉर्थ जोन राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप में भी स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लेकर पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।

उन्होंने बताया कि हर्ष ने अंडर-19 आयु वर्ग की 10 मीटर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के होनहार खिलाड़ी कोच सुरेन कुमार व सचिन डागर के मार्गदर्शन में कड़ा प्रशिक्षण लेकर राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर प्राचार्य डा. पूनम चौधरी ने सम्मान किया। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, प्रधानाचार्य डा. पूनम चौधरी ने कहा एक तरफ जहां शिक्षा में स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहता है वही स्कूल के बच्चे कोच सुरेन कुमार व कोच सचिन डागर की देखरेख खेलों का कड़ा प्रशिक्षण लेकर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।

## माउंट व्यू स्कूल के 2 छात्रों ने जीते पदक



विजेता छात्रों को प्रोत्साहित प्राचार्य व कोच।

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे

**बहादुरगढ़।** माउंट व्यू स्कूल के 2 छात्रों ने सीबीएसई कलस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्र राहुल ने जहां शॉटपुट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता तो वहीं तरुण ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना, अभिभावकों व स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्य प्रवीन शर्मा ने दोनों छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दोनों छात्र पहले भी राज्यस्तरीय व अन्य प्रतियोगिताएं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके है। प्राचार्य ने कहा कि इन छात्रों के शानदार प्रदर्शन के पीछे इनकी कड़ी मेहनत व विद्यालय कोच नीलम लाठर व नरेश जून के मार्गदर्शन का विशेष योगदान है। प्राचार्य ने इन दोनों छात्रों को सम्मानित करने की घोषणा भी की।

## चिरायु योजना से लाखों परिवारों को मिलेगी कैशलैस चिकित्सा सुविधा : शेखर यादव

■ यादव ने कहा, भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों का हर वर्ग को मिल रहा लाभ।

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे



पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता शेखर यादव।

**बहादुरगढ़।** हरियाणा की मनोहर सरकार ने केन्द्र की मोदी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का अनुसरण करते हुए अंत्योदय परिवार से जुड़े लोगों को चिरायु योजना के माध्यम से कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का बड़े स्तर पर कार्य किया है। यह बात भाजपा नेता शेखर यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि शनिवार को हरियाणा प्रदेश में 2 हजार स्थानों पर एक साथ अंत्योदय परिवारों को 10 लाख गोल्डन कार्ड चिरायु योजना के तहत प्रदान किए गए। शेखर यादव ने बताया कि चिरायु योजना के तहत 729 सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों को चिरायु योजना के दायरे में शामिल किया है ताकि किसी भी गोल्डन कार्ड धारक को नि:शुल्क इलाज का लाभ लेने में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार प्रदेश के 28 लाख परिवारों को जिनकी सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये है ऐसे परिवारों को इस योजना के तहत हर वर्ष 5 लाख रुपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है, इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज बधाई के पात्र है। भाजपा नेता शेखर यादव ने कहा कि केन्द्र की मोदी व हरियाणा की मनोहर सरकार सत्ता ही सेवा की भावना के तहत कार्य कर कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से हर वर्ग को लाभान्वित करने का काम कर रही है।

## डीएवी क्रिकेट एकेडमी की टीम बनीं चैम्पियन



फाइनल मैच शुरू होने से पहले खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि, एकेडमी संचालक व अन्य।

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे

**बहादुरगढ़।** हॉल ही में बहादुरगढ़ के लाइनपार स्थित डीएवी क्रिकेट एकेडमी में एकेडमी अंडर-13 लिटिल चैम्प क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 8 क्रिकेट टीमों ने भाग लिया। जिसका फाइनल मैच पानीपत क्रिकेट एकेडमी व डीएवी क्रिकेट एकेडमी बहादुरगढ़ के बीच खेला गया। इसमें टॉस जीतकर पानीपत क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 25 ओवर में 157 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएवी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 22.3 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत हासिल की। ऐसे में डीएवी क्रिकेट एकेडमी बहादुरगढ़ इस प्रतियोगिता में चैम्पियन बनीं। संचालक कोच अमित जून ने विभिन्न पुरस्कार और ट्राफियां प्रदान करके खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत सिंह समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीम के खिलाड़ियों व अन्य प्रतिभागी टीम खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा है। हमें शिक्षा के साथ-साथ खेल व अन्य प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए।

## दिल्ली सरकार कर्मचारी कल्याण समिति की सभा का आयोजन किया

गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम

कमला नेहरू पार्क गुरुग्राम के प्रांगण में दिल्ली सरकार कर्मचारी कल्याण समिति की साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में रिटायर्ड और वर्किंग कर्मचारी सम्मिलित हुए और मुख्यमंत्री दिल्ली को भेजे गए अपने ज्ञापनों पर सरकार की उदासीनता पर नाराज़गी जताई। समिति के अध्यक्ष मदन साहनी ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि समिति द्वारा अब तक तीन बार मुख्यमंत्री को गुरुग्राम में दिल्ली सरकार की डिस्पेंसरी खोलने तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियों को दो वर्ष में एक बार एल टी सी की सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया गया परन्तु सरकार द्वारा अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। समिति ने दिल्ली स्वास्थ्य सेवा की महानिदेशक से मुलाक़ात करके भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया और समाधान का आश्वासन पाया परन्तु उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया कि अपनी मांग के पक्ष में तेज़ी से कार्रवाई की जाए और मुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर समाधान प्राप्त किया जाए। सभा को महासचिव सुभाष यादव, कोषाध्यक्ष गोगिया,नरोत्तम शर्मा, प्रेम चन्द शर्मा, रीटा सिंगला ने सम्बोधित किया। समिति निकट भविष्य में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और परिवहन मंत्री से मुलाक़ात करके अपनी समस्याओं को हल करने की दिशा में अपने प्रयास में तेज़ी लाएगी।

## करनाल ब्राह्मण सम्मेलन में पहुंचे समाज के लोग

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे

**बहादुरगढ़।** करनाल में आयोजित हुए भगवान परशुराम महाकुंभ में बहादुरगढ़ से काफी बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा द्वारा यह सम्मेलन आयोजित किया।

बहादुरगढ़ से ग्लेरिया मार्केट के प्रधान डा. महेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में बहादुरगढ़ से भी समाज के लोगों ने भाग लिया। प्रधान डा. भारद्वाज ने बताया कि ब्राह्मण सम्मेलन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज की सभी मांगों को मान लिया और उनके समाज की खूब प्रशंसा की। समाज ने उनका धन्यवाद किया। इस मौके पर पंडित राज सिंह पहलवान, महावीर पहलवान, मास्टर शिवनारायण कसार, धर्मवीर शर्मा, सतीश कौशिक, कैप्टन आरके वशिष्ट, तिलकराज, बलदेव शर्मा, कृष्ण भारद्वाज, प्रदीप पाराशर, ओमप्रकाश कसार राजेश कसार, सतीश पाराशर, धर्मवीर शर्मा, सत्यपाल शर्मा, सत्यवान, मनदीप शर्मा, डॉ. सुशील शर्मा, नरेश, रोशन लाल शर्मा, नरेश शर्मा, हरीश शर्मा, पवन भारद्वाज, सोनू भारद्वाज सम्मेलन में मौजूद रहे।

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक में विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया

**गुड़गांव टुडे, नोएडा।** यूफ्लेक्स ने बढ़ते प्लास्टिक के स्टॉक के लिए और वातावरण से प्लास्टिक कचरे को दूर हटाने को एक चुनौती के रूप में लिया है। कंपनी निर्माण के स्त्रोत से ही प्लास्टिक का इस्तेमाल करने में कटौती कर रही है। कंपनी आमतौर पर पीसीआर से बनी फिल्मों का इस्तेमाल कर रही है। यूफ्लेक्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने कहा उन्होंने कई देशों और क्षेत्रों के ब्रैंड ओनर्स और नागरिक निकायों से आपस में सहयोग करने और रिसाइक्लिंग की वैल्यू चेन को मजबूत करने का आग्रह किया। यूफ्लेक्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की बैठक में एलायंस टु एंड प्लास्टिक वेस्ट बोर्ड की बैठक में मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक को दोबारा रिसाइकिल करने के बारे में अपने विचारों और दृष्टिकोण को साझा किया। न्यूयॉर्क में हुई एईपीडब्ल्यू की बोर्ड मीटिंग में चतुर्वेदी ने दुनिया भर में मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक के लगातार एवं अत्यावश्यक इस्तेमाल का मुद्दा मजबूती से उठाया।

## विधायक राजेंद्र सिंह जून ने द्रोणाचार्य अवॉर्डी सुजीत मान का किया सम्मान

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे

**बहादुरगढ़।** पूर्व ओलम्पियन एवं अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती कोच पहलवान सुजीत मान को द्रोणाचार्य अवार्ड मिलना क्षेत्र वासियों व समस्त हरियाणा वासियों के लिए गर्व की बात है। यह बात कांग्रेस विधायक राजेंद्र सिंह जून ने लोवा कलां गांव में सुजीत मान का सम्मान करते हुए कही।

विधायक राजेंद्र सिंह जून ने गांव लोवा कलां पहुंचकर द्रोणाचार्य अवार्डी सुजीत मान को पगड़ी पहनाकर व 11 हजार रुपए प्रदान कर सम्मान किया। विधायक जून ने कहा कि पूर्व ओलम्पियन कोच सुजीत मान ने पहले जहां कुश्ती में क्षेत्र व प्रदेश का नाम विश्व में रोशन किया, वही अब अंतर्राष्ट्रीय कोच के रूप में सेवाएं प्रदान कर कुश्ती की भावी प्रतिभाओं को तराशने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि द्रोणाचार्य अवार्डी सुजीत मान द्वारा तराशे गए पहलवान राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन आजाद राठी, प्रवीण मान, अमित पहलवान कसार, प्रदीप यादव, कृष्ण मान, धीरज जून, राहुल प्रधान, धर्म सिंह, धर्म सत्संग, अशोक मान , मोली मान, समरजीत मान, धोला पहलवान, दीपक मान, राजकुमार राणा, राजेश मान, रमेश, जयभगवान समेत कई अन्य मौजूद रहे।



द्रोणाचार्य अवॉर्डी सुजीत मान का सम्मान करते विधायक राजेंद्र सिंह जून।

## ईएनटी नि:शुल्क ओपीडी कैंप 14 को

सुशील वत्स, गुड़गांव टुडे

**बहादुरगढ़।** शहर के ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल 14 नवम्बर को नाक, कान व गला रोग की नि:शुल्क ओपीडी कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प सुबह 10 से 1 बजे तक लगेगा। कैम्प में आने वालों को जांच कान, नाक, गला, चक्कर एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डा. सुमित कौर घई द्वारा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि कान, नाक व गले की दूरबीन द्वारा जांच व इलाज, कम्प्यूटर द्वारा सुनने की जांच, कटे-फटे कान जोड़ना, स्पीच थैरेपी, सुनने की मशीनें, नजले की जांच व नवजात बच्चों व गूंगे बहरे बच्चों की कम्प्यूटर द्वारा सुनने की जांच में विशेष छूट रहेगी।

कैम्प में शुगर व बीपी की जांच नि:शुल्क की जाएगी।

RNI NO. : HARHIN/2013/47961, Postal Regd. No. GRG/43/2016-2018, GST No. : 06AAIPA8712H1ZY स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल द्वारा 'जगत क्रांति प्रिंटर्स, ए-16, सेक्टर-7, नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, 201301, यूपी से मुद्रित करवा कर 4 आर्य समाज मार्किट, जैकबपुरा, गुड़गाम, हरियाणा से प्रकाशित किया। संपादक-अनिल अर्य * संपादकीय कार्यालय : 4 आर्य समाज मार्किट जैकबपुरा, गुड़गांव, फोन नं. 0124-4065447, 2324447, ई-मेल: gurgaontodaynews@gmail.com, * पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी, सभी विवादों का निपटान गुरुग्राम में होगा।